# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मई 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# पावर हाउस सुभाष मार्केट को सुव्यवस्थित करने अतिरिक्त निर्माण पर हुई कार्यवाही, व्यवसायियों ने भी किया सहयोग

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पावर हाउस सुभाष फल एवं सब्जी मार्केट में व्यवसायियों द्वारा अतिरिक्त निर्माण किए हुए टीन, शेड, चबूतरा आदि को हटाने का कार्य आज किया गया! लॉक डाउन के दौरान पावर हाउस फल एवं सब्जी मार्केट को अन्य स्थलों पर शिफ्ट किया गया है ताकि भीड़ को नियंत्रित कर सोशल डिस्टेंस मेंटेन किया जा सके! जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 महेंद्र पाठक एवं जोन के राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर की अगुवाई में आज पावर हाउस सुभाष सब्जी एवं फल मार्केट में अतिरिक्त अतिक्रमण के विरुद्ध तोड़फोड़ की कार्यवाही व्यापारियों के सहयोग से की गई कुछ व्यवसायियों ने स्वयं से ही अतिरिक्त निर्माण को हटा लिया! पावर हाउस सुभाष फल एवं सब्जी मार्केट सकरी होने के कारण वहां पर सब्जी एवं फल लेने वाले लोगों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है चारों तरफ से आने एवं जाने का रास्ता इस मंडी में है परंतु व्यवसायियों द्वारा अतिरिक्त निर्माण किए जाने के कारण बाजार सघन हो गया है



# कोरोना एवं पीलिया की रोकथाम एवं नियंत्रण में मितानिनो की अहम भूमिका, निगम की टीम के साथ मिलकर करेंगी सहयोग

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में कोरोना वायरस एवं पीलिया के रोकथाम हेतु निगम प्रशासन हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सभी वार्डों में निगम कर्मी घर घर जाकर क्लोरीन टैबलेट बांट रहे है तथा आमजन को शुद्ध या उबला हुआ पानी पीने की सलाह दे रहे है। जोन कं. 01, 02 एवं 04 के जोन आयुक्त ने अपने अपने क्षेत्र के मितानीनों की बैठक लेकर पीलिया बीमारी से आमजन को बचाने योजनाबद्ध तरीके से काम करने पर चर्चा किए इस दौरान सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया। निगम के स्वास्थ्य विभाग व अभियंताओं के साथ मितानीनों का वाटसअप ग्रुप बनाया जा रहा है ताकि पेयजल में दिक्कत होने या किसी व्यक्ति को पीलिया संक्रमण लक्षण होने होने पर तत्काल विस्तृत जानकारी दी जा सके। निगम पाइपलाइन का संधारण, बोरिंग, पावर पंप, पेयजल की जांच, क्लोरीन टैबलेट का वितरण करने के कार्य में लगातार जुटा हुआ है। सभी मितानीनों की बैठक आयोजित की गई जिसमें जलजनित बीमारी पीलिया से बचाव के कार्य में मितानीन भी अपनी भूमिका निभांएगे! मितानीनों को पीलिया के लक्षण से संबंधित जानकारी दी गई।



# बाहर से आए हुए 510 लोगो को किया गया होम आइसोलेट

भिलाई नगर/ भिलाई क्षेत्र में बाहर से आए हुए 510 लोगों को अब तक होम आइसोलेशन में रखा जा चुका है और होम आइसोलेशन के लिए नियुक्त टीम एवं निगम के कर्मचारी बाहर से आने वाले लोगों की निगरानी कर रहे हैं! बाहर से आए हुए व्यक्तियों के घरों में लगाए जा रहे हैं होम आइसोलेशन के स्टीकर बाहर राज्य से आए हुए व्यक्तियों के घरों के सामने होम आइसोलेशन का स्टीकर लगाया जा रहा है अब तक 487 घरों में टीम द्वारा स्टीकर लगाए जा चुके हैं! बाहर से आए हुए व्यक्तियों की प्रतिदिन हो रही है निगरानी निगम ने जोन क्षेत्रों में सूचना तंत्र मजबूत कर दिया गया है प्रचार-प्रसार के माध्यम से जुटा रहे जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बाहर से आए हुए व्यक्तियों की जानकारी इकट्ठा करने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रचार प्रसार किए जा रहे है, व्यवसायिक दुकानों में ऐसे लोगों की सूचना प्राप्त करने के लिए स्टीकर लगाया गया है जिसमें हेल्पलाइन नंबर दिया गया है जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति ऐसे लोगों की सूचना दे सकते हैं बताने वाले का नाम निगम द्वारा गोपनीय रखा जा रहा है! स कार्य में नियुक्त टीम द्वारा होम आइसोलेशन से संबंधित रिकॉर्ड रखा जा रहा है!






# निगम क्षेत्र में हो रही है नालियों की निरंतर सफाई, सफाई के पश्चात चुना एवं ब्लीचिंग का किया जा रहा है छिड़काव

भिलाईनगर / डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के तहत नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में टेमीफास् का वितरण घर-घर किया जा रहा है ताकि डेंगू के लार्वा को समाप्त किया जा सके तथा नालियों की निरंतर सफाई की जा रही है और सफाई के पश्चात चूना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव किया जा रहा है। मच्छरों के उन्मूलन के लिए नालियों में मेलाथियान का स्प्रे किया जा रहा है तथा गली मोहल्लों में फागिंग कराई जा रही है! आज निगम के सफाई कर्मी वार्डो के भीतर 17,840 मीटर नालियों की सफाई कर चुना एवं ब्लीचिंग का छिड़काव किए तथा मच्छर उन्मूलन के तहत मलेरिया आॅयल व जला आॅयल का छिड़काव जलभराव वाले स्थानों में किए। जोन के स्वच्छता अधिकारी एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक नियमित स्वच्छता कार्यों की माॅनिटरिंग भी रहे है। जोन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि प्रतिदिन सुबह से ही नालियों की सफाई कराई जा रही है। जोन कं 01 क्षेत्र के 6370 मीटर की नाली,जोन क. 02 क्षेत्र के 3300 मीटर की नाली, जोन क. 03 क्षेत्र के 3120 मीटर की नाली तथा जोन क. 04 खुर्सीपार क्षेत्र के 5050 मीटर नाली की सफाई की गई!





# जरूरतमंदों को महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने किया राशन वितरण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 55 सेक्टर 6 में आज महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने जरूरतमंदों को राशन पैकेट वितरण किए तथा डोम शेड एवं शौचालय निर्माण कार्य की शुरुआत की! महापौर परिषद के सदस्य सूर्यकांत सिन्हा ने अपने पार्षद निधि से सुखा राशन की व्यवस्था जरूरतमंदों के लिए की है! आज महापौर श्री यादव ने वार्ड क्रमांक 55 सेक्टर 6 में पहुंचकर 28.50 लाख की लागत से निर्माण होने वाले डोम शेड एवं शौचालय के निर्माण कार्य की शुरुआत भूमि पूजन कार्य करते हुए की, साथ ही वार्ड क्रमांक 55 जामा मस्जिद के सामने दोनों तरफ विधायक निधि के 8.16 लाख की लागत से लगने वाले पेवर ब्लॉक के कार्य की शुरुआत भी इसी के साथ किया गया! सेक्टर 4 के वार्ड क्रमांक 52 में अधोसंरचना मद की राशि 28.50 लाख से डोम शेड एवं शौचालय का निर्माण भी किया जाएगा! डोम शेड के निर्माण होने से विभिन्न कार्यक्रमों एवं आयोजनों के लिए ग्रीष्म एवं वर्षा ऋतु में मोहल्ले वासियों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा साथ ही शौचालय की व्यवस्था होने से दैनिक क्रिया के परेशानियों से निजात मिलेगा!



# घासीदास नगर में अवैध निर्माण पर चला निगम का बुलडोजर, पुलिस बल की मौजूदगी में हुई कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन सख्त कदम उठा रहा है। अलाटमेंट से चार गुना अधिक जमीन पर अतिक्रमण करने वाले के खिलाफ आज तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुुवंशी ने अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर क्षेत्र अंतर्गत घासीदास नगर में गुंदिया देवी पति स्व. भुनेश्वर वर्मा द्वारा आबंटन से अधिक जगह पर अतिक्रमण करते हुए निर्माण किया जा रहा था जहां निगम की टीम पहुंची और जेसीबी से अवैध रूप से निर्माण किए जा रहे दीवार को तोड़ने की कार्यवाही करते हुए एक हाईवा ईंट को जप्त किया गया। वार्ड 27 घासीदास नगर में गुंदिया देवी को घासीदास नगर में पूर्व में वाल्किमी आवास योजना के तहत 164 स्क्वेयर फीट भूखंड पर मकान आवंटित है, जिसकी जानकारी प्राप्त होने पर अवैध निर्माण को रोकने निगम की ओर से 2 बार नोटिस जारी किया गया था



# कैंप टू बैकुंठ धाम क्षेत्र में निगम के कर्मचारी सहित पुलिस बल तैनात, गतिविधियों पर रखी जा रही है नजर

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कैंप टू बैकुंठ धाम में पॉजिटिव पाए गए मरीज के घर को सील कर दिया गया है तथा आसपास के क्षेत्रों मे वृहद रूप से सैनिटाइजिंग का कार्य किया जा रहा है! यहां पर प्रत्येक घर एवं मोहल्ले को सैनिटाइज करने का कार्य निगम के स्वच्छता कर्मचारियों के द्वारा किया जा रहा है इसके लिए 40 स्वच्छता कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है साथ ही क्षेत्र में नाली एवं सड़कों की सफाई की जा रही है! क्षेत्र के 100 मीटर दायरे को पूर्ण रूप से सील कर दिया गया है सैनिटाइजिंग कार्य एवं अन्य गतिविधियों के निगरानी के लिए जोन के स्वास्थ्य अधिकारी आरपी तिवारी एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक वीके सैमुअल सहित इनकी टीम मौजूद हैं इसके साथ ही बैकुंठ धाम क्षेत्र के पार्षद रिंकू राजेश भी सक्रिय होकर व्यवस्था संभालें हुए हैं! पॉजिटिव नागरिक के घर के आस-पास के सभी दुकानों को बंद रखा गया है, और लोगों को घरों पर रहने रहने हिदायत दी गई है! चारों तरफ से बैरिकेडिंग की गई है! अस्थाई कैंप में पुलिस बल भी मौजूद है!



## संपत्तिकर जमा करने रविवार को भी पहुंचे करदाता, 100 से अधिक लोगों ने जमा किया अपना टैक्स

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय सहित जोन कार्यालयों में आज संपत्तिकर जमा करने करदाता पहुंचे और 100 से अधिक लोगों ने अपना टैक्स जमा किया! पिछले वित्तीय वर्ष का संपत्तिकर जमा करने वाले करदाता कम ही दिखे, यदि किसी प्रकार का आदेश शासन स्तर से प्राप्त नहीं होता है तो पिछले वर्ष के बकायादारो से अतिरिक्त अधिभार सहित शास्त्ती का शुल्क लिया जाएगा! आज रविवार को जब तक करदाता मुख्यालय के कैंपस के भीतर मौजूद रहे तब तक उनसे टैक्स जमा किया गया! टैक्स जमा करने आने वाले करदाताओं को सोशल डिस्टेंस के तहत मुख्य प्रवेश द्वार के समीप कुर्सियों में जगह दी गई है, ताकि कतार लगाने की आवश्यकता न हो और बारी बारी से उन्हें टैक्स जमा करने के लिए टैक्स काउंटर में बुलाया जा सके, इसके लिए स्पैरो के कर्मचारी मौजूद रहे!



**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई